खुले में बिकने वाले चिकन मटन दुकान पर दुसरे दिन भी लगातार कार्यवाही

भिलाईनगर। निगम द्वारा खुले में अवैध रूप से विक्रय कर रहे चिकन मटन के दुकान पर लगातार दुसरे दिन मंगलवार को भी निगम दस्ते ने कार्यवाही कर जुनवानी चौक, 18 नं. सड़क, सुभाष चौक के दुकान के सामने लगे टीन टप्पर को हटवाया गया। नगर पालिक निगम, भिलाई की बेदखली टीम मंगलवार को जुनवानी चौक मे बिना लाईसेंस के संचालित हो रहे नूर पोल्ट्री को सील बंद किया गया तथा चौक मे अन्य मांस , मटन,मछली जो खुले मे विक्रय किये जा रहे थे उसे हटाया गया। उसी प्रकार 18 नं. सड़क, सुभाष चौक पर विक्रय कर रहे चिकन मटन दुकानो को बंद करवाकर दुकान के सामने लगे टीन शेड को जे.सी.बी. से हटाया गया। तोड़फोड़ दस्ता की टीम पूर्व में किये गये बेदखली स्थलो का निरीक्षण कर दुबारा सड़क पर व्यापार न करने की मुनादी भी किये।